आकाशवाणी केन्द्र शिमला

19.04.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

जितेंद्र सिंह

केंद्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा है कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के चलते नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोकने का काम किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि पिछले 50 वर्षों से महिला आरक्षण की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी इसे लागू करने का साहस नहीं दिखाया। जितेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस में महिलाओं को योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि परिवारवाद के आधार पर सीमित स्थान मिलता है जबकि भाजपा में मैरिट के आधार पर महिलाओं को आगे बढ़ाया जाता है। उन्होंने कहा कि ये बिल भाजपा की विचारधारा और प्रधानमंत्री के विज़न का हिस्सा है जिसे पारित होने से रोक कर कांग्रेस ने देश की महिलाओं के साथ धोखा किया है।

सरोज पांडे

दूसरी ओर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राज्यसभा सांसद सरोज पांडे ने कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ठोस नीतियां बनाई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हर बार महिलाओं के अधिकारों को टालने और रोकने का काम किया है। सरोज पांडे ने कहा कि देश की महिलाएं इस अंतर को समझती है और आने वाले समय में इसका लोकतांत्रिक जवाब दिया जाएगा।

पत्रकार सम्मेलन के दौरान विपक्ष के नेता व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी मौजूद रहे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने पंचायत चुनावों में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर योग्य उम्मीद्वार चुनने का आह्वान किया है। शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में आज टुटू–क्यार सड़क के शिलान्यास अवसर पर उन्होंने कहा कि यदि स्थानीय नेतृत्व सक्षम और योग्य होगा तो इसका लाभ संबंधित क्षेत्र को ही मिलेगा। विकास कार्यों की चर्चा करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि राज्य में सड़कों के निर्माण पर 6 हजार करोड़ रूपए की राशि खर्च की जा रही है।

धर्माणी

नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा है कि सरकार प्रदेश को ग्रीन एनर्जी राज्य के रूप में स्थापित करने के लिए प्रयास कर रही है। वे बिलासपुर जिले के राजकीय हाईड्रोइंजीनियरिंग कॉलेज बंदला में एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंन बंदला कॉलेज में स्थापित 10 किलोवॉट क्षमता के सोलर इंक्यूबेशन केन्द्र सहित चिकित्सा शिविर का भी शुभारंभ किया।

प्रदर्शन

चंबा ज़िले में पठानकोट–भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग की खस्ताहालत को लेकर भाजपा ने आज राख क्षेत्र में रोष रैली निकाली और चक्का जाम किया। भरमौर के विधायक डॉक्टर जनकराज के नेतृत्व में निकाली गई इस रैली में भाजपा ने सरकार की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि सड़क की दयनीय हालत के कारण दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है लेकिन राज्य सरकार इस दिशा में उदासीन बनी हुई हैं। उन्होंने ये भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सड़क के रखरखाव के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवा रही है लेकिन राज्य सरकार इसका सही उपयोग नहीं कर रही है।

ई–ऑफिस

राज्य सरकार के प्रयासों से जलशक्ति विभाग के एक सौ एक कार्यालय ई–ऑफिस प्लेटफार्म से जुड़ गए हैं। ये पहल विभाग को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और दक्ष बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के अनुसार विभाग ने तय समय सीमा के भीतर डिजिटल बनने का लक्ष्य हासिल किया है। विभाग के सचिव अभिषेक जैन ने बताया कि इस डिज़िटल परिवर्तन से समयबद्ध कार्य निष्पादन, पारदर्शिता और फाईलों की रियल टाईम निगरानी संभव हुई है।